नोएडा/गाजियाबाद > शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 > कार्तिक 30 शक संवत 1947 मार्गशीर्ष शुक्ल, प्रतिपदा, विक्रम 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 79, संख्या 277 > पेज 18* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू
NBT
नवभारत टाइम्स
एनबीटी मे विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



नेपोटिज़्म डेब्यू दे सकता है, लंबा करियर नहीं: करीना
▸देखें सप्लिमेंट



वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में प्रीति पवार ने जीता गोल्ड
▸p12

# नोएडा एयरपोर्ट के लिए कौशांबी और इंदिरापुरम से मिलेंगी बसें

## पश्चिमी यूपी के प्रमुख शहरों से होगी सीधी कनेक्टिविटी

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट (NIA) से नोएडा, गाजियाबाद समेत पश्चिमी यूपी के प्रमुख शहरों तक रोडवेज बसें चलेंगी। इसके लिए 14 रूट फाइनल किए गए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (UPSRTC) ये बसें चलाएगा। यमुना इंटरनैशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. (यापल) ने यूपीएसआरटीसी के साथ एमओयू किया है। अधिकारियों का कहना है कि एयरपोर्ट शुरू होने के बाद बसों के संचालन की डेट तय होगी। इससे यात्रियों को सीधी बस सेवा मिल सकेगी। रूट के अनुसार, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, मथुरा-वृंदावन और हाथरस के लिए सीधी बसें चलेंगी। बाद में यह नेटवर्क बुलंदशहर, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, हापुड़, हाथरस और मुरादाबाद तक बढ़ाया जाएगा। इससे पहले नोएडा एयरपोर्ट प्रबंधन हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली के साथ एमओयू कर चुका है। इसके तहत दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, चंडीगढ़, देहरादून और हरिद्वार जैसे प्रमुख शहरों से सीधी बस कनेक्टिविटी होगी। 4 राज्यों के लिए बस चलने से नोएडा एयरपोर्ट 25 से अधिक शहरों से जुड़ जाएगा।

### मिलेगा बेहतर अनुभव

**यापल के** सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि एयरपोर्ट से आने-जाने की यात्रा को सीधी व सुविधाजनक बनाने के लिए यूपीएसआरटीसी के साथ साझेदारी की गई है। बेहतर यात्री अनुभव देने के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी जरूरी है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह का आभार जताया है।



**UPSRTC और एयरपोर्ट प्रबंधन के बीच साइन हुआ समझौता**




### 25 शहर जुड़ेंगे

■ नोएडा, ग्रेनो, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, मथुरा-वृंदावन और हाथरस तक मिलेगी सेवा

■ बुलंदशहर, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, हापुड़, हाथरस और मुरादाबाद तक बढ़ाया जाएगा

■ एयरपोर्ट शुरू होने के बाद आएगी डेट, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा से पहले ही करार

### इन रूटों पर यात्रियों को मिलेगी सुविधा

1. **एनआईए-कौशांबी-एनआईए :** परी चौक, नोएडा-62, इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी।
2. **एनआईए-नोएडा-एनआईए :** परी चौक, नोएडा सेक्टर-37, बॉटनिकल गार्डन, नोएडा।
3. **एनआईए-कासना-एनआईए :** जेवर, दनकौर, कासना, ग्रेटर नोएडा।
4. **एनआईए-गाजियाबाद-एनआईए :** सिकंदराबाद, दादरी, गाजियाबाद।
5. **एनआईए-गाजियाबाद-एनआईए :** परी चौक, सूरजपुर, नोएडा, विजयनगर, लालकुआं, गाजियाबाद।
6. **एनआईए-मेरठ-एनआईए :** परी चौक, नोएडा, इंदिरापुरम, मोहन नगर, मुरादनगर, मेरठ।
7. **एनआईए-हापुड़-एनआईए :** परी चौक, नोएडा, विजय नगर, लाल कुआं, डासना, पिलखुवा, हापुड़।
8. **एनआईए-आगरा-एनआईए :** बाजना कट, मथुरा कट, कुबैरपुर, आगरा।
9. **एनआईए-मथुरा-वृंदावन-एनआईए :** मथुरा और वृंदावन।
10. **एनआईए-हाथरस-एनआईए :** राया कट, हाथरस।
11. **एनआईए-फिरोजाबाद-एनआईए :** बाजना कट, मथुरा कट, कुबेर कट, टुंडला, फिरोजाबाद।
12. **एनआईए-सिकोहाबाद-एनआईए :** बाजना कट, मथुरा कट, कुबेर कट, टुंडला, फिरोजाबाद, सिकोहाबाद।
13. **एनआईए-अलीगढ़-एनआईए :** टप्पल, जट्टारी, खैर, अलीगढ़।
14. **एनआईए-आहार-एनआईए :** बुलंदशहर, जहांगीराबाद, आहार।

## एयरोड्रम लाइसेंस 30 तक जारी होने की उम्मीद

### नोएडा एयरपोर्ट पर उच्चस्तरीय बैठक, 24 को परखी जाएगी सुरक्षा व्यवस्था

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा :** नोएडा एयरपोर्ट को 30 नवंबर तक एयरोड्रम लाइसेंस जारी होने की उम्मीद है। इससे पहले 24 नवंबर को सिक्योरिटी क्लियरेंस को लेकर बैठक होगी। इसके बाद तय हो जाएगा कि एयरपोर्ट का संचालन कब से शुरू होगा। एयरपोर्ट पर गुरुवार को हुई बैठक में यह जानकारी दी गई। इसमें सिविल एविएशन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, नायल के सीईओ आरके सिंह, नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया, डीजीसीए, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एयरलाइंस कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। भाटिया ने बताया कि 24 नवंबर को एयरपोर्ट की पूरी सुरक्षा जांच निर्धारित है। यदि सिक्योरिटी क्लियरेंस मिलती है तो एक सप्ताह के भीतर एयरोड्रम लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने एटीसी टावर और टर्मिनल भवन सहित प्रमुख सुविधाओं का जायजा लिया। बताया गया कि टर्मिनल बिल्डिंग कंप्लीट है।



एयरलाइंस के प्रतिनिधि भी पहुंचे